महत्वपूर्ण एवं खास

शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, बलात्कार का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा निवासी 30 वर्षीय महिला ने 29 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 5 फरवरी 2021 को राहुल मैथली 25 वर्ष पिता स्व.लक्ष्मीकांत मैथली ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा तथा बाद में शादी से इंकार कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

चाकू दिखाकर आतंकित करने पर दो गिरफ्तार,2 नग चाकू जब्त

रायपुर (आरएनएस)। कोतवाली व खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 नग चाकू जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार चाकू लेकर घुमने की सुचना पर कोतवाली पुलिस ने मुखबीर के द्वारा बताए हुये हुलिये के अनुसार एक व्यक्ति को 29 अप्रैल को 12.30 बजे टैगोर नगर के पास पकड़ उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक नग स्टील का चाकू जब्त की है। पकड़े गए आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम शाहिल अली 19 वर्ष पिता सैय्यद जफर अली बताया है। आरोपी चाकू दिखाकर आने-जाने वालों को डरा धमका रहा था। इसी तरह खमतराई पुलिस ने गुरुवार को 29 अप्रैल को मुखबीर की सुचना मिली की एक व्यक्ति चाकू दिखाकर आने-जाने वालों को डरा धमका रहा है। जिसके बाद बताए हुलिये के अनुसार न्यू आनंद नगर भनपुरी में एक व्यक्ति को पकड़ उसकी तलाशी लेने पर एक नग लोहे का चाकू बरामद हुआ। जिसके बाद आरोपी का नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम पारस साहू 23 वर्ष पिता हरिराम साहू बताया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्रवाई की गई है।

राज्य आपदा मोचन निधि से बालोद जिले को एक करोड़ रूपए की राशि आवंटित

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशा-निर्देश पर कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के रोकथाम के लिए राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) निधि से बालोद जिले को एक करोड़ रूपए की राशि आबंटित की गई है। इस आशय का आदेश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा जारी किया गया है। आदेश के तहत महामारी/विविध व्यवसायिक सेवाएं और विशेष सेवा के लिए 40 लाख रूपए, महामारी/विविध मशीन और चिकित्सीय उपकरण के लिए 30 लाख रूपए और महामारी संबंधी रोकथाम के लिए सामग्री और दवाईयों की आपूर्ति के लिए 30 लाख रूपए की राशि आवंटित की गई है।

महिला पर जानलेवा हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

कोण्डागांव (आरएनएस)। जिले के थाना धनोरा अंर्तगत ग्राम बड़े ओडागांव में कचरा फेकने की बात पर हुये विवाद पर प्रार्थीया के सिर में धारदार नुकीला वस्तु से हमला कर फरार आरोपी के घर में पुलिस के द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी विष कुमार नेताम पिता मनुराम नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी खालेपारा बडे ओडागांव थाना धनोरा को गिरफ्तार कर न्यायालय केशकाल के समक्ष आज पेश कर न्यायीक रिमाड पर जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल 2021 को प्रार्थीया श्रीमती मनवरी बाई नेताम पति महेत्तर नेताम उम्र 35 वर्ष ग्राम खाल्हेपारा बडे ओडागांव अपने घर पर थी तभी उसका भतिजा आरोपी विषकुमार नेताम आया और कचरा फेकने की बात पर पूर्व में हुये वाद विवाद की बात को लेकर गाली गलौच करते हुये प्रार्थीया के सिर में धारदार नुकीला वस्तु से हमला कर लहु लुहान कर दिया था।

कोरोना पर नियंत्रण के लिए औद्योगिक परिसर तथा खदान संयंत्र के आसपास के गांवों में चलाएं जनजागरूकता अभियान- मुख्यमंत्री

» राज्य में कोरोना महामारी से निपटने में औद्योगिक संगठनों द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन

» लक्षण वाले व्यक्ति को तुरंत उपलब्ध कराएं कोरोना की दवा

» मुख्यमंत्री बघेल ने औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से की चर्चा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राज्य में कोरोना महामारी से निपटने के लिए सभी संभागों के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा की और आवश्यक सुझाव लिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री की अपील पर समस्त औद्योगिक संस्थानों द्वारा कोरोना को हराने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा सुकमा से तथा प्रमुख सचिव उद्योग मनोज पिंगुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए सभी औद्योगिक परिसर तथा खदान संयंत्र के आसपास के गांवों में सघन रूप से जनजागरूकता का अभियान चलाया जाए। इसके तहत समस्त औद्योगिक संगठनों को वहां कार्यरत कर्मचारियों तथा श्रमिकों सहित लोगों को कोरोना की दवाईयों के किट का वितरण तत्परता से कराए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोरोना के लक्षण दिखते ही अगर व्यक्ति दवा का सेवन प्रारंभ कर दें तो वह बढ़ नही पाता है और गंभीर हालात जैसे स्थिति का सामना करना नही पड़ता है। इससे बीमारी के अकस्मात् रूप से बढ़ने तथा रोकने में काफी मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा करते हुए सभी औद्योगिक संगठनों को अपने-अपने संस्थान में कोविड-19 के गाईड लाईन का शत- प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष जोर दिया। इसी तरह उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी संस्थानों में वैक्सीनेशन के कार्य को भी शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने में शासन-प्रशासन के साथ सभी वर्ग के लोग मदद के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने इनमें औद्योगिक संगठनों से सतत रूप से मिल रहे सहयोग की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री बघेल से चर्चा के दौरान विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों सर्व के.के. झा, रामभगत अग्रवाल, नरेन्द्र गोयल, कमल सारडा, अतुल साहू, बी.एल.अग्रवाल, हरीश केडिया, अश्विन गर्ग, संजय अग्रवाल, अशोक सुराना, प्रदीप टंडन तथा मनोज अग्रवाल आदि ने अपने-अपने संस्थान में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए कैम्प लगाने में शासन से सहयोग का आग्रह किया। साथ ही मुख्यमंत्री बघेल को उनके द्वारा अपने-अपने संस्थान में शासन के दिशा-निर्देशों तथा कोविड अनुकूल व्यवहार के शत-प्रतिशत पालन सहित कोरोना संक्रमण के रोकथाम में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू तथा मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी उपस्थित थे।

पैसा कटने के बाद भी नही हुआ मोबाईल रिचार्ज,कस्टर केयर जानकारी मांगने पर हो गया ठगी का शिकार

» अज्ञात मोबाईल फोन धारक के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ऑनलाईन रिचार्ज के दौरान कस्टम केयर पर रुपये वापस मांगने कॉल करने पर एक व्यक्ति के ठगी का शिकार हो गया। किसी ने रुपये वापस करने के बहाने उसके खाते से 60 हजार से अधिक रुपये का ठगी कर लिया। घटना की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार न्यू चंगोराभाठा डीडीनगर रायपुर निवासी मुकेश श्रीवास्तव 45 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 25 अप्रैल को प्रार्थी अपने परिचित के मोबाईल नंबर पर 249 रुपये का रिचार्ज किया था लेकिन खाते से रुपये कटने के बावजूद भी रिचार्ज नही हुआ। इसके बाद वह कस्टमर केयर नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी जिसके बाद कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने प्रार्थी से पैसा वापस करने के लिये गुगल पे ओपन करने को कहा और वज जैसा -जैसा कहता गया पीड़ित वैसा ही किया। बाद में अज्ञात मोबाईल फोन धारक द्वारा बताए गए प्रोसेस करने के बाद पीड़ित के आईडीबीआई बैंक खाता से 10780 रुपये तथा एसबीआई बैंक खाते से 50 हजार रुपये कुल 60780 रुपये खाते से ऑनलाईन निकलने का मैसेज आ गया। जिसके बाद पीड़ित ने घटना की शिकायत 29 अप्रैल को थाने में दर्ज करायी है। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात मोबाईल फोन नंबर 75969-73352 धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

10 दिनों में जांजगीर-चांपा जिले में 4 हजार 772 कोरोना संक्रमित हुए स्वस्थ

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप प्रदेश में रोज बड़ी तादात में कोरोना मरीज ठीक हो रहे हैं। यह सब मरीजों की दृढ़ इच्छा शक्ति और स्वास्थ्य विभाग के सामयिक उपचार से जांजगीर-चांपा जिले में विगत 10 दिनों में 19 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 4 हजार 772 कोरोना संक्रमण से मुक्ति पा चुके हैं। जिला प्रशासन जांजगीर-चांपा द्वारा संक्रमितों के समुचित उपचार के लिए बिना लक्षण वाले मरीजों को चिकित्सकों की निगरानी में होम आईसोलेशन की अनुमति दी गई है। मोबाइल के माध्यम से दिन में

2 बार उनके स्वास्थ्य की प्रगति की जानकारी ली जाती है। आवश्यकतानुसार मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जा रहा है।

होम आईसोलेशन के मरीजों की सुविधा के लिए अगल से कंट्रोल रूम बनाकर 6 काउंटर बनाए गए हैं। इस कंट्रोल रूम से किसी भी समय संपर्क कर कोविड से संबंधित आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। जिले के कोरोना संक्रमित गंभीर मरीजों के उपचार के लिए जिला अस्पताल ईसीटीसी और 12 कोविड केयर सेंटर्स में कुल 1230 बेड और निजी अस्पतालों में 147 बेड की व्यवस्था की गई है। जिला चिकित्सालय परिसर में ईसीटीसी में 9 बेड आईसीयू के और 17 बेड ऑक्सीजन युक्त है। कोविड केयर सेंटर्स के 125 बेड ऑक्सीजन युक्त और निजी अस्पताल के 93 बेड ऑक्सीजन युक्त है। रिक्त बेडों की अद्यतन जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध है। प्रतिदिन जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार विगत 19 अप्रैल से 28 अप्रैल तक 4 हजार 772 लोग कोरोना संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को 425, 20 अप्रैल को 253, 21 अप्रैल को 371, 22 अप्रैल को 751, 23 अप्रैल को 375, 24 अप्रैल को 311, 25 अप्रैल को 385, 26 अप्रैल को 580, 27 अप्रैल को 741 और 28 अप्रैल को 580 मरीज कोरोना संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं। प्रशासन की अपील के पश्चात जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और प्रबुद्ध नागरिक भी आम लोगों को कोविड संक्रमण से बचाव और उन्हें इलाज में मदद के लिए आगे आ रहे हैं।

एक लाख के इनामी सहित 7 नक्सलियों ने बड़ेगुडरा कैंप में किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कोसा मंडावी सहित 07 नक्सलियों ने बड़ेगुडरा के सीआरपीएफ कैंप में जाकर दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 93 इनामी सहित कुल 346 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया जा चुका है। नक्सलियों के पुनर्वास के लिए लोन वर्राटू अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान के तहत नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर प्रदेश के विकास में सहयोग करते हैं। 07 नक्सलियों ने एसपी अभिषेक पल्लव के सामने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर की, एसपी के सामने इन नक्सलियों ने सीआरपीएफ कैंप में आत्मसमर्पण किया। पिछले 06 महीनों से दंतेवाड़ा के विभिन्न गांव के नक्सली संगठन में सक्रिय सदस्यों की घर वापसी हो रही है। थाना और कैम्पों, ग्राम पंचायतों में नाम चस्पा कर संबंधित क्षेत्र के सक्रिय नक्सलियों के खोखली विचारधारा को छोड़कर लोन वर्राटू अभियान चलाया जा रहा है।

वैक्सीन की दोनों डोज लगाने के बाद शरीर को अधिक सुरक्षा मिलती है और संक्रमण के मामले कम होते हैं

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण के विरूद्ध वैक्सीन एक कारगर उपाय है। विशेषज्ञों के अनुसार वैक्सीन की दोनो डोज, निर्धारित अंतराल में लगाने के बाद शरीर को अधिक सुरक्षा मिलती है और संक्रमण के मामले कम होते हैं। इसलिए जिन लोगों ने पहला डोज लगवाया है उन्हे दूसरा डोज, पहले डोज लगाने के 4 से 8 सप्ताह के अंदर अवश्य लगवाना चाहिए और अपना प्रतिरक्षात्मक तंत्र मजबूत करना चाहिए ।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी से अपील की है कि वैक्सीन की पहली डोज और दोनों डोज लगने के बाद भी सभी को कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करना चाहिए,मास्क सही ढंग से पहनना,भीड़ में जाने से बचना और हाथों की नियमित साबुन पानी से सफाई आवश्यक है।

राज्य में अब तक 45 साल से अधिक आयु के 42लाख 34 हजार 789 को पहली डोज और 2लाख 92हजार 128 को दूसरी डोज लग चुकी है। हेल्थ केयर वर्कर में 2लाख 99 हजार से अधिक को पहली और 2 लाख 7 हजार से अधिक को दूसरी डोज,फ्रंटलाइन वर्कर में 2लाख 73 हजार से अधिक को पहली और 1लाख 61 हजार से अधिक को दूसरी डोज लग चुकी है। अब तक प्रदेश में 54 लाख 69 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है।

बार का दरवाजा तोड़कर शराब व अन्य सामान चोरी, अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। लॉक डाउन के दौरान बंद बार का चोरों ने दरवाजा तोड़कर बीयर व अंग्रेजी शराब तथा नगदी रुपये चोरी कर लिये। घटना की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार शुभम विहार महावीरनगर न्यू राजेन्द्रनगर निवासी सत्यम तिवारी 40 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि राधास्वामी नगर भाठागांव में प्रार्थी जिलेट बार का संचालन करता है। लॉकडाउन के चलते पिछले 09 अप्रैल से बार बंद है। जिसके चलते वह घर में ही रह रहा था। 26 अप्रैल को एक ग्राहक ने जानकारी दी की बार में लाईट जल रहा है। जिसके बाद 28 अप्रैल को अपने दोस्त के साथ बार पहुंचा तब शटर जो लाजिंग जाने का रास्ता है का ताला खोलकर अन्दर ऊपर रेस्टोरेंट गया जहां देखा, रेस्टोरेंट में लगा एलईडी टीवी अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये का नही था एवं सामान बिखरा हुआ पड़ा था । रेस्टोरेंट से किचन होते हुए बार जाने के रास्ते में लगा दरवाजा टूटा हुआ मिला। अन्दर जाकर देखने पर बार में रखा बियर , अंग्रेजी शराब, राशन सामान व बर्तन एवं काऊंटर गल्ले में रखा चिल्हर पैसा लगभग 2 हजार रूपये कुल अनुमानित कीमत 75 हजार रुपये को कोई अज्ञात चोर बांस के बल्ली के सहारे सेकंड फ्लोर के बालकनी से आकर दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी कर लिया है।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट : तेज़ हवा के साथ कई हिस्सों में पड़ेंग ओले

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सहित देश के कई हिस्सों में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर भारी बारिश की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में कल यानि 30 अप्रैल को बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर तेज़ बारिश के साथ आंधी तुफान और ओले भी पड़ेंगे।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो 30 अप्रैल और 1 मई को पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उससे सटे उत्तरी मैदानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 29 अप्रैल तक कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में अलग-अलग बारिश व बर्फबारी के आसार हैं. वहीं 30 अप्रैल और 1 मई को पंजाब, उत्तर हरियाणा और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समीपवर्ती इलाकों में गरज के साथ तेज हवाएं और बौछारें पड़ने की संभावना विभाग की ओर से व्यक्त की गई है। गुरुवार को उत्तर भारत में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होने की संभावना है, हालांकि शुक्रवार से धीरे-धीरे इसमें कमी नजर आने लगेगी. शनिवार से पूरे भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जाएगा. इधर, इस अवधि में तेलंगाना और आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान थोड़ा कम रहेगा. वर्तमान में अन्य क्षेत्र सामान्य या थोड़े गर्म नजर आएंगे।

मौसम विभाग के अनुसार 30 अप्रैल को उत्तराखंड,विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना, केरल और माहे में मेघगर्जन, बिजली चमकने के साथ तेज हवाएं चलने के आसार हैं. 30 अप्रैल को ही दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और उत्तर केरल के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शुक्ले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मोर्चे पर योद्धा की तरह डटी है आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

रायपुर (आरएनएस)। घर पर गर्भवती बिटिया अकेली थी और खुद को लगना था कोविड वैक्सीनेशन का दूसरा डोज़ लेकिन समस्या यह थी कि साथ कौन जाए। तब इस समस्या क समाधान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता द्वारा दिया गया7 ममता ने 70 वर्षीय महिला संजु राय को सीता नगर, गोकुल टावर के पास सियान सदन टीकाकरण केंद्र ले जाकर दूसरा डोस लगवाया । ममता न केवल साथ गई, टीका लगने के बाद 30 मिनट तक साथ रही और घर वापस लेकर भी आई।

ममता पूर्व में वैक्सीनेशन के सर्वे का काम कर ही रही थी लेकिन 16 अप्रैल 2021 को उनके भाई का निधन कोरोना हो गया7 उसने वैक्सीनेशन नहीं करवाया था जिस की महत्ता को ममता ने बहुत ही गहराई से समझा और उन्होंने यह मन में ठान लिया कि कोई भी 45 साल से ऊपर के लोग वैक्सीनेशन करवाने में न छूटे7 उन्होंने सबको वैक्सीनेशन करवाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे करके उनको टीकाकरण स्थान तक पहुंचाने का एक बीड़ा उठा लिया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता ढीढी बताती है:''बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 में गोकुल टावर सीता नगर गुढ़ियारी की संजू राय जोकि 70 वर्ष की है और उनके घर में उनकी बेटी गर्भवती है । संजू राय को दूसरा टीका लगने का समय हो गया था जिसकी जानकारी मुझे मिली तो मैने पूरी जानकारी फेन के माध्यम से लेकर उनको टीका लगवाने के लिए सियान सदन तक अपने वाहन में बैठाकर लाई और वैक्सीनेशन करवाया ।आधे घंटे उनके साथ ऑब्जरवेशन में रही । साथ ही वैक्सीनेशन के उपरांत किये जाने वाले व्यवहार की भी जानकारी दी मास्क लगाना,शारीरिक दूरी का पालन करना है नियमित रूप से हाथ धोते रहना बताया और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत संपर्क करने का भी बताया गया उसके उपरांत उन्हें घर पर छोड़ा।

ममता कहती है वैक्सीनेशन के लिए घर-घर सर्वे करने के साथ यदि कोई अकेला है उसकी जानकारी भी सर्वे करते समय लेकर रख लेती है। इस प्रकार वह वैक्सीनेशन करवाने के लिए कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए वृद्ध महिलाओं बुजुर्ग को अपनी गाड़ी में बैठा कर लाई है । इसी प्रकार कुमारी साहू जो सीता नगर की है और इनको भी टीकाकरण स्थल तक लेकर आई । इसी प्रकार तिलक नगर सामुदायिक भवन गुढ़ियारी बाल गंगाधर तिलक वार्ड की 78 वर्ष की बुजुर्ग वीओ कुंनाम को भी स्कूटी पर ला कर दूसरा वैक्सीनेशन लगवाया, वहीं संजु रॉय ने बताया ''वैक्सीनेशन का दूसरा डोज़ लेने के लिये आंगनवाड़ी मोर्चे पर योद्धा की तरह हम लोगों की मदद कर रही हैं । उनको जैसे ही खबर लगी कि मेरा आज दूसरा वैक्सीनेशन होना है उन्होंने मुझसे व्यक्तिगत संपर्क किया और मुझे सियान सदन वैक्सीनेशन केंद्र पर लाकर वैक्सीनेशन करवाया ।''